समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 01 October 2026

तीन दिन मे टोल सिस्टम पर बड़ा ऐलान करेगें गडकरी, बोले- अब कोई नहीं कहेगा टोल मंत्री।

Publisher

Published on 18 Jun 2025

नितिन गडकरी ने कहा कि तीन दिन मे नंई स्कीम से खत्म होंगी टोल से जुड़ी शिकायते, लोगों को मिलेगा डिजिटल और आसान समाधान।

नई दिल्ली, 18 जून 2025: हर 20-25 किलोमीटर पर टोल और उसकी महंगी फीस से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। **केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी** ने घोषणा की है कि तीन दिन के भीतर **टोल सिस्टम** को लेकर बड़ा फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नए सिस्टम से लोगों को टोल को लेकर अब कोई दिक्कत नहीं होगी और उन्हें '**टोल मंत्री**' कहकर ट्रोल भी नहीं किया जाएगा।

गडकरी ने दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में कहा, "जो भी स्कीम हम लाने वाले हैं, उससे लोगों को राहत मिलेगी। अब कोई तकलीफ नहीं होगी। तीन दिन के बाद मैं खुद इसका खुलासा करूंगा।"

क्या कहा गडकरी ने इंटरव्यू मे ?

पत्रकार के सवाल पर कि सोशल मीडिया पर लोग उन्हें 'टोल मंत्री' क्यों कहते हैं, गडकरी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "अब ऐसी स्कीम आने वाली है कि कोई मुझे ट्रोल नहीं करेगा।"

हालांकि उन्होंने साफ किया कि टोल फ्री की घोषणा नहीं होगी, लेकिन स्कीम ऐसी होगी जिससे लोगों की परेशानी कम होगी।

क्या हो सकते है संभावित बदलाव ?

१. **सूत्रों के अनुसार, सरकार कुछ डिजिटल मॉडल पर विचार कर रही है।** जैसे:

२. **प्रति किलोमीटर यात्रा के अनुसार ऑटोमेटिक टोल कटौती**
३. **लाइन मे लंगने की जरूरत खत्म**
४. **बिना रोके टोल भुगतान**
५. **लाइफटाइम टोल पास योजना – निजी गाड़ियों के लिए 15 साल का फिक्स शुल्क (संभावित ₹30,000)**

यह माना जा रहा है कि नया सिस्टम टोल प्लाजा पर जाम और समय की बर्बादी को खत्म करेगा।

अभी कैसे काम करता है टोल सिस्टम ?
१. **वर्तमान मे देशभर मे 20–30 किमी के अंतराल पर टोल प्लाजा है।**
२.**'भुगतान FASTag के माध्यम से होता है।**
३. **कई बार सर्वर डाउन या भीड़ से लोग जाम मे फंसते है।**
४. **एक्सप्रेसवे पर टोल अंतर ज्यादा होता है, पर शुल्क भी अधिक होता है।**
५. **गडकरी के इस बयान से जाहिर है कि आने वाले दिनों मे टोल सिस्टम अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनने जा रहा है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.